प्र.सं.7(i) इस संघ राज्य क्षेत्र में मैट्रिक पूर्व स्तर पर अनुसूचित जनजातीय छात्रों के लिए क्या रियायतें व सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं ?

उत्तर इस संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जन जाति के विद्यार्थियों को पूर्व मैट्रिक स्तर पर मुफ्त वर्दी, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, निःशुल्क मध्याह्न आहार, निःशुल्क यात्रा रियायत, निःशुल्क लेखन सामग्री और उपस्थिति छात्रवृत्ति आदि रियायतें एवं सुविधाएँ दी जाती हैं।

(ii) प्राथमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने वाले जनजातीय बच्चों की दर क्या है ? क्या आपने इस प्रकार से स्कूल छोड़े जाने के कारणों का पता लगाने हेतु कोई सर्वेक्षण किया है ? यदि हाँ, तो जनजातीय छात्रों के असमय स्कूल छोड़ने को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए या उठाए जाने हैं ?

उत्तर प्राथमिक स्तर पर जनजातीय छात्रों के शिक्षा से अलग हो जाने की दर 38.1 है। शिक्षा विभाग द्वारा इस राज्य क्षेत्र में प्रतिवर्ष विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा को छोड़ देने वाले जन जातीय छात्रों की कुल संख्या का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण किए जाते हैं। शिक्षा को छोड़ देने का मुख्यकारण रूचि का अभाव और अभिभावकों द्वारा प्रेरित न किया जाना है। प्रशासन ऐसे छात्रों को औपचारिक तथा अनौपचारिक शिक्षा पद्धति के माध्यम से नकद तथा अन्य रूप में प्रोत्साहन देकर इस ओर आकर्षित करने का प्रयास कर रहा है। छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय में आने को प्रेरित करने के लिए शिक्षकों, गाँवों के कप्तानों, स्वैच्छिक संगठनों तथा शिक्षक अभिभावकों की बैठकों के माध्यम से भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।